क्रमांक/क्रय/CCMGMC/क्रय/निविदा/2025-26, दुर्ग, दिनांक / /2025

# चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.)

## शोध पत्रिकाओं (प्रिंट) के प्रदाय हेतु निविदा

### वित्तीय वर्ष 2025-26

| | | |
|---|---|---|
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- | 27.01.2025 | समय अपरान्ह 12.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि- | 27.01.2025 | समय अपरान्ह 1.00 बजे |

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिष्ठाता
# चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.)

## निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/क्रय/CCMGMC/क्रय/निविदा/2025-26/ दुर्ग, दिनांक / /2025

चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.) के केन्द्रीय ग्रंथालय के लिये विभिन्न विषयों की शोध पत्रिकाओं (प्रिंट) के क्रय हेतु मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है । अधिक जानकारी एवं निविदा प्रपत्र महाविद्यालय के वेबसाईट www.ccmgmcdurg.ac.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- 27.01.2025 समय अपरान्ह 12.00 बजे तक**

**निविदा खोलने की तिथि- 27.01.2025 समय अपरान्ह 1.00 बजे**

**स्थान :** अधिष्ठाता कार्यालय, सी.सी.एम.शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.)

**अधिष्ठाता**
**सी.सी.एम.शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,**
**कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.)**

# चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.)

**शोध पत्रिकाओं (प्रिंट) के प्रदाय के लिये निविदा की सामान्य शर्तें :-**

01. यह निविदा प्रतिष्ठित प्रकाशकों/अधिकृत विक्रेताओं से चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.) में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न विषयों की शोध पत्रिकाओं (प्रिंट) के (केलेण्डर वर्ष जनवरी 2026 से दिसम्बर 2026) प्रदाय हेतु आमंत्रित की गई है । निविदाकर्ता को मेडिकल शोध पत्रिकाओं का कम से कम 03 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।

02. निविदा प्रपत्र महाविद्यालय के वेबसाईट www.ccmgmcdurg.ac.in से डाउनलोड किये जावेंगे । निविदा आवेदन शुल्क राशि रू. 1000.00 (एक हजार रूपये मात्र) का बैंक ड्रॉफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.) के नाम से बना होना चाहिए, जो कि वापसी योग्य नही होगी ।

03. प्रत्येक निविदा के साथ अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.) के नाम से देय धरोहर राशि (EMD) रूपये 19,000.00 (रूपये उन्नीस हजार मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्रॉफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है । धरोहर राशि वापसी योग्य होगी।

04. **जिन सफल निविदाकर्ता को शोध पत्रिकाओं की प्रदायगी आदेश प्राप्त होगी उनके द्वारा देयक के साथ FDR जमा की जावेगी उनकी EMD की राशि वापस की जावेगी । शेष निविदाकर्ता के EMD, निविदा अवधि पूर्ण होने पर 15 दिवस के भीतर वापस की जावेगी ।**

05. **निविदा में पात्र सफल निविदाकर्ता को क्रय आदेश जारी करने के पूर्व क्रय मूल्य का कम से कम 03 प्रतिशत सुरक्षा निधि राशि 57,000.00 (रूपये तैंतीस हजार मात्र) की EMD जमा किया जाना अनिवार्य होगा ।**

06. सभी शोध पत्रिकाओं के शीर्षकों का वार्षिक सदस्यता (Annual Subscription) की प्रस्तावित दर का Comparative Statement बनाये जाने के उपरांत जिस निविदाकर्ता द्वारा न्यूनतम दर प्रस्तुत किया जावेगा । उस निविदाकर्ता को उस शीर्षक के शोध पत्रिकओं का क्रय आदेश जारी किया जावेगा ।

07. निविदाकर्ताओं को फाईनेंसियल बिड में प्रस्तावित दर भारतीय मूल्य (INR) में अंकित करना अनिवार्य है ।

08. एक दर पर पुस्तक प्रदाय करने के लिये यदि एक से अधिक निविदाकर्ता सफल होते है तो उन निविदाकर्ताओं के मध्य जिस निविदाकर्ता का वित्तीय वर्ष 2024-25 में टर्न ओव्हर ज्यादा होगा उसे पुस्तकें प्रदाय करने का आदेश जारी किया जावेगा ।

निविदाकर्ता (हस्ताक्षर एवं सील)

Scanned with OKEN Scanner

09. निविदा जमा करने का तात्पर्य यह होगा कि निविदाकर्ता को महाविद्यालय की निविदा में उल्लेखित समस्त शर्ते मान्य है । निविदाकर्ता द्वारा रखी गई कोई भी शर्ते मान्य नही की जावेगी ।

10. केवल वे ही फर्म निविदा में भाग ले सकेंगे, जिनका पिछले 03 वित्तीय वर्षो (2022-23, 2023-24, 2024-25) में वार्षिक टर्न ओव्हर का औसत राशि 1.50 करोड़ या अधिक का हो । इसके लिये विगत 03 वर्षो का चाटर्ड एकाउंटेण्ट द्वारा प्रमाणित बैलेंस शीट, आयकर विभाग द्वारा जारी परमानेंट एकाउंट नम्बर (PAN) पंजीयन आदि की स्वप्रमाणित प्रतियां टेक्निकल बिड में संलग्न किया जाना अनिवार्य है ।

11. निविदा चार मुहरबंद लिफाफा पद्धति के अनुसार महाविद्यालय कार्यालय में जमा किये जावेगे । इसमें मुहरबंद लिफाफा 1,2,3 को बड़ा लिफाफा क्रमांक 4 में रखकर मुहरबंद करके बड़े लिफाफा क्रमांक 4 के उपर स्वच्छ अक्षरों में **''शोध पत्रिकाओं के प्रदाय हेतु निविदा ''** अनिवार्यत: अंकित होना चाहिए ।

अ. मुहरबंद लिफाफा क्रमांक 01. :- इसमें निविदाकर्ता के द्वारा निम्न दस्तावेज रखा जावे

01. धरोहर राशि रू. 20,000.00 का बैंक ड्रॉफ्ट
02. आवेदन शुल्क की राशि रू. 1000.00 का बैंक ड्रॉफ्ट

इस लिफाफे के उपर **लिफाफा क्रमांक**-1 अंकित होना चाहिए ।

**नोट :- उपरोक्त बैंक किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक के द्वारा अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.) के नाम से बना होना चाहिए।**

ब. मुहरबंद लिफाफा क्रमांक 02 :- इसमें निविदाकर्ता के द्वारा निम्न दस्तावेज रखा जावे

01. निविदाकर्ता का स्वहस्ताक्षरित आवेदन प्रपत्र (**Annexure-01**)
02. निविदा शर्ते प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता के हस्ताक्षर, नाम, सील व दिनांक अंकित रहेगा ।
03. टेक्निकल बिड प्रपत्र पूर्ण रूप से स्वच्छ व साफ सुथरे अक्षरों में बिना कांट छांट के भरा जावेगा तथा प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर, नाम, सील व दिनांक्र अंकित रहेगा ।
(**Annexure-02**) के साथ फर्म के संलग्न करने वाले दस्तावेज :-
   I. आयकर विभाग द्वारा जारी परमानेंट एकाउण्ट नम्बर की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करना होगा ।
   II. विगत 03 वर्षो (2022-23, 2023-24, 2024-25) का ऑडिटेड बैलेस शीट, सहित आयकर रिटर्न की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रतियां संलग्न करना होगा ।
   III. विगत (2022-23, 2023-24, 2024-25) का चाटर्ड एकाउंटेण्ट द्वारा प्रमाणित बैलेंस शीट
   IV. फर्म का जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करना होगा ।
04. सभी प्रपत्रों पर पेज क्रमांक अनिवार्यत: अंकित करें ।

इस लिफाफे के उपर **लिफाफा क्रमांक 02- '' टेक्निकल बिड''** अंकित करना होगा ।

स. मुहरबंद लिफाफा क्रमांक-03 :- इसमे निविदाकर्ता के द्वारा निम्न दस्तावेज रखा जावे

01. फाइनेंसियल बिड प्रपत्र । (**Annexure-04**)
02. फाइनेंसियल बिड के शोध पत्रिकओं की सूची का Excel file, Pen Drive में ।

इस लिफाफे के उपर **लिफाफा क्रमांक 03- ''फायनेंसियल बिड''** अंकित करना होगा ।

**निविदाकर्ता (हस्ताक्षर एवं सील)**

Scanned with OKEN Scanner

12. क्रमशः मुहरबंद लिफाफा 4, 1,2 व 3 खोले जावेंगे । लिफाफा क्रमांक-01 में EMD व आवेदन शुल्क की राशि की डी.डी. प्राप्त होने के पश्चात ही लिफाफा क्रमांक-02 खोले जावेंगे । फायनेंसियल बिड लिफाफा क्रमांक-03 उन निविदाकर्ताओं का खोला जावेगा जो कि टेक्निकल बिड लिफाफा क्रमांक-02 के खोले जाने पर निविदा की शर्तो के अनुरूप तकनीकी रूप से अर्ह (Eligible) पाये जावेंगे ।

13. सफल निविदाकर्ता द्वारा शोध पत्रिकओं को अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.) कार्यालय में स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड पोस्ट/ कर्मचारी के माध्यम से पहुंचाकर निर्धारित अवधि (शोध पत्रिका के प्रकाशन के 42 दिवस के भीतर) में प्रदाय करना अनिवार्य है। महाविद्यालय तक शोध पत्रिकाओं को पहुंचाने का जो भी व्यय होगा निविदाकर्ता को स्वयं वहन करना होगा । परिवहन संबंधी अन्य व्यय महाविद्यालय द्वारा देय नही होगा ।

14. देयक तीन प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा । क्रय आदेश के कुल मूल्य का 100% (प्रतिशत) बैंक गारण्टी FDR (राष्ट्रीयकृत बैंक का) के रूप में जिसकी वैधता माह जुलाई 2027 तक होगी अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.) के नाम से जमा करना अनिवार्य है । समय सीमा में FDR जमा करने के पश्चात ही क्रयादेश में उल्लेखित राशि का भुगतान संबंधित फर्म को किया जावेगा । अन्यथा की स्थिति में क्रमशः द्वितीय, तृतीय क्रम के सफल निविदाकर्ताओं को आपूर्ति हेतु अवसर प्रदान किये जावेंगे ।

15. सफल निविदाकर्ता फर्म को महाविद्यालय के साथ आदेशित शोध पत्रिकाओं के प्रदायगी के लिये अनुबंध करना होगा ।

16. सफल निविदाकर्ता कार्य प्रारंभ करने के पश्चात किन्तु निविदा अवधि पूर्ण होने के पूर्व कार्य छोड़ देता है या कार्य व्यवहार से ऐसा प्रतीत होता है कि महाविद्यालय का हित प्रभावित हो रहा है तो ऐसी स्थिति में उसे सूचित करने पर सुधार नही किये जाने की स्थिति में उनके द्वारा सुरक्षा निधि के रूप में जमा की गई FDR राजसात की जावेगी तथा महाविद्यालय तुलनात्मक दर में द्वितीय क्रम के सफल निविदाकर्ता को क्रय आदेश जारी करने के लिये स्वतंत्र होगा । L-2 दरों पर होने वाली आर्थिक क्षति की भरपाई प्रथम सफल निविदाकर्ता को करना अनिवार्य होगा ।

17. सफल निविदाकर्ता फर्म को आदेश की 100% (प्रतिशत) शोध पत्रिकाओं को प्रदाय करना अनिवार्य होगा । अन्यथा की स्थिति में उचित प्रमाण सहित संबंधित शोध पत्रिका के लिये क्रय आदेशित राशि का 18 प्रतिशत पेनाल्टी सहित अविलंब वापस करना होगा । इस संबंध में अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.) का निर्णय सर्वमान्य होगा ।

18. संस्था हित में निविदा की शर्तो में किसी भी समय युक्ति-युक्त संशोधन का अधिकार अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग, छ.ग. (कार्यालय प्रमुख) के पास सुरक्षित रहेगा । निविदाकर्ता फर्म द्वारा निविदा में जोड़ी गई अतिरिक्त शर्ते जो इस निविदा में सम्मिलित नही है, मान्य नही होगी ।

19. निविदाकर्ता (हस्ताक्षर एवं सील)

20. स्वच्छ एवं साफ अक्षरों में बिना कांट छांट के पूरी तरह भरे हुये निविदा प्रपत्र सील्ड लिफाफे में अंतिम तिथ दिनांक 30.01.2026 समय अपरान्ह 12.00 बजे तक निम्नांकित पते पर अनिवार्यतः रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट / कुरियर/ फर्म के अधिकृत कर्मचारी द्वारा प्राप्त हो जाना चाहिए । विलंब से प्राप्त हुई निविदायें मान्य नही होंगी । इसकी पूर्णत जवाबदारी निविदा प्रस्तुतकर्ता फर्म की होगी ।

"कार्यालय अधिष्ठाता"
चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,
कचान्दूर, दुर्ग, (छ.ग.)

21. निविदा खोलने की निर्धारित अंतिम तिथि में समय अपरान्ह 1.00 बजे महाविद्यालय द्वारा क्रय समिति के सदस्यों एवं उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोला जावेगा ।
22. प्राप्त हुई निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये हुये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.) का होगा ।
23. किसी भी प्रकार का विवाद की स्थिति में अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.) का निर्णय अंतिम होगा ।
24. न्यायालयीन विवाद की स्थिति में प्रकरण दुर्ग न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगा ।
25. संलग्न सूची में से आवश्यकतानुसार एवं बजट की उपलब्धता के आधार पर शोध पत्रिकाओं का क्रयादेश जारी किया जावेगा ।
26. निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पेज पर पेज क्रमांक, ध्वज एवं सील लगाना व हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा ।
27. निविदाकर्ता को **Annexure-03** के अनुसार नोटरी (रूपये 100/-) द्वारा सत्यापित अद्यतन शपथ पत्र लिफाफा क्रमांक-02 (टेक्निकल बिड) में संलग्न करना होगा ।

अधिष्ठाता,
सी.सी.एम.शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,
कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.)

मेरे द्वारा उपरोक्त समस्त शर्तो तथा प्रपत्रों को पूर्ण रूप से पढ़ लिया गया है। तत्पश्चपात मेरे द्वारा सील (मुहर) अंकित कर हस्ताक्षर कर दिये गये है । मै उक्त समस्त शर्तो के परिपालन हेतु अपनी सहमति देता/देती हूं । मेरे द्वारा प्रस्तुत दर को महाविद्यालय द्वारा स्वीकृत किया जाता है तो उपरोक्त शर्तो के अधीन शोध पत्रिकाओं के प्रदाय हेतु मै वचनबद्ध हूं ।

निविदाकर्ता (हस्ताक्षर एवं सील)

Scanned with OKEN Scanner

**(Annexure-01)**
(मुहरबंद लिफाफा 02 में रहेगा)

## चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग, छ.ग.

### आवेदन पत्र

प्रति,

अधिष्ठाता,
चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,
कचान्दूर, दुर्ग, छ.ग.

विषय- शोध पत्रिकाओं (प्रिंट) के प्रदाय हेतु निविदा आमंत्रण ।

संदर्भ- पत्र क्रमांक ..................................................................

महोदया,

उपरोक्त संदर्भित पत्र क्रमांक द्वारा जारी निविदा के परिपालन में मेरे द्वारा निविदा के समस्त शर्तो तथा प्रपत्र को पढ़ लिया गया है । तत्पश्चपात मेरे द्वारा सील (मुहर) अंकित कर हस्ताक्षर कर दिये गये है एवं वांछित समस्त दस्तोवज/जानकारी संलग्न कर दिये गये है । मै उक्त समस्त शर्तो के परिपालन हेतु अपनी सहमति देता/देती हूं । मेरे द्वारा प्रस्तुत दर को महाविद्यालय द्वारा स्वीकृत किया जाता है तो उपरोक्त शर्तो के अधीन वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये शोध पत्रिकाओं के प्रदाय हेतु वचनबद्ध हूं । विवाद की स्थिति में अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग, छ.ग. का निर्णय मुझे मान्य होगा ।

निविदाकर्ता (हस्ताक्षर एवं सील)

Scanned with OKEN Scanner

**(Annexure-02)**

# चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग, छ.ग.

## शोध पत्रिकाओं के प्रदाय हेतु " टेक्निकल बिड प्रपत्र"

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदाकर्ता फर्म का नाम व फर्म की श्रेणी | |
| 2. | फर्म का स्थायी पता | ..........................................फोन ........................<br>ई-मेल...........................फैक्स............................. |
| 3. | फर्म के प्रोपराईटर/पार्टनर का नाम | ..........................................फोन ........................<br>ई-मेल............................ |
| 4. | फर्म के प्रतिनिधि या कार्यकारी साझेदार (पार्टनर) का नाम (जिससे कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की जानी है) | ..........................................फोन ........................<br>ई-मेल............................ |
| 5. | आवेदन शुल्क का बैंक ड्रॉफ्ट का विवरण | बैंक ड्रॉफ्ट नम्बर ................... दिनांक .................<br>राशि रू. ................... बैंक व शाखा का नाम .......<br>.............................................................. |
| 6. | धरोहर राशि (EMD) बैंक ड्रॉफ्ट का विवरण | बैंक ड्रॉफ्ट नम्बर ................... दिनांक .................<br>राशि रू. ................... बैंक व शाखा का नाम .......<br>.............................................................. |
| 7. | फर्म का आयकर परमानेंट एकाउण्ट नम्बर (PAN Registration) (प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क्रमांक लिखें) | ...................................................................... |
| 8. | फर्म का जी.एस.टी. नम्बर (GST Registration) (प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क्रमांक लिखें) | ......................................................................... |
| 9. | फर्म का विगत 03 वर्षो का औसत वार्षिक टर्न ओव्हर राशि 50 लाख | ......................................................................... |
| | अ. फर्म के विगत (2022-23, 2023-24, 2024-25) का चाटर्ड एकाउंटेण्ट द्वारा प्रमाणित बैलेंस शीट (प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क्रमांक लिखें) | वर्ष ........................... राशि ...........................<br>वर्ष ........................... राशि ...........................<br>वर्ष ........................... राशि ........................... |
| | ब. फर्म के विगत (2022-23, 2023-24, 2024-25) का आयकर रिटर्न गणना पत्रक (प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क्रमांक लिखें) | वर्ष ........................... राशि ...........................<br>वर्ष ........................... राशि ...........................<br>वर्ष ........................... राशि ........................... |
| 10. | शपथ पत्र ( रूपये 100/- मूल्य के नान ज्यूडिशियल स्टांप पेपर पर) **Annexure-03** | ...................................................................... |

Scanned with OKEN Scanner

(Annexure-03)

## शपथ पत्र का प्रारूप

(रूपये 100/- मूल्य के नान ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर)

मैं/हम ..........................................................जो कि फर्म/एजेंसी/संस्था ......... ................................... पता........................................................................... के प्रोपराईटर/संचालक/(कंपनी/फर्म/संस्था) के हैसियत है/हूं और फर्म की ओर से शपथ पत्र प्रस्तुत करने के लिये सक्षम है, इस शपथ पत्र द्वारा शपथपूर्वक यह प्रमाणित करते है कि कार्यालय अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक .................. दिनांक ..................... द्वारा चिकित्सकीय शोध पत्रिकायें प्रदाय करने हेतु निम्न शर्तो को मान्य करते हुये मेरे द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ जो जानकारी एवं प्रमाण पत्र/अभिलेख/दस्तोवेज प्रस्तुत किया गया है वह सत्य एवं सही है । एतद संबंधी जानकारियों अभिलेखों एवं प्रमाण पत्रों की सत्यता के लिये मैं पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहूंगा ।

01. यह कि निविदा प्रपत्र में दी गई जानकारी तथा संलग्न किये गये समस्त दस्तावेज पूर्णतः सत्य एवं प्रमाणित है ।

02. यह कि मेरे :-

(अ) आवेदन शुल्क एवं ई.एम.डी. के रूप में जमा की गई डिमांड ड्रॉफ्ट अन्य संबंधित दस्तावेज जो बैंक के द्वारा प्रदाय किये गये है वे बैंक से प्रमाणित है ।

(ब) वित्तीय अर्हतायें एवं वार्षिक टर्न ओव्हर की जानकारी सही है ।

(स) विभिन्न भौतिक अर्हताओं की जानकारी सही है ।

03. मैं/उक्त फर्म भारत सरकार/अन्य राज्यों के राज्य सरकार/राज्य सरकार के किसी भी विभाग मे काली सूची में सम्मिलित नही हूं/है या डिबार नही किया गया हूं/है ।

04. यह कि मेरे/हमारे/फर्म के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण कही भी पंजीबद्ध नही है ।

05. यह कि निविदा प्रपत्र में अंकित दरें भारतीय रूपयों में है ।

06. यह कि प्रस्तावित किये जाने वाले दर पर उच्च गुणवत्ता की सेवा देने हेतु संस्थान प्रतिबद्ध है।

07. यह कि फर्म के द्वारा 03 वर्षो तक शोध पत्रिका प्रदाय करने संबंधी दी गयी जानकारी सत्य है।

08. निविदा की समस्त नियम/शर्ते स्वीकार है ।

प्रो./फर्म

हस्ताक्षर मय सील

Scanned with OKEN Scanner

**(Annexure-04)**
(मुहरबंद लिफाफा 3 में रहेगा)

# Financial Proposal for Print Journals for CCM Govt. Medical College, Kachandur, Durg (C.G.)

## Financial Bid Proforma for Journals

1. Name of Suppliers/Publishers/Distributors ..........................................

| Sr. No. | Title | Publisher | No. of Frequency Yearly | Offer Unit Price for Annual Subscrition (Including Taxes & Other Charges) (INR) |
|---|---|---|---|---|

**नोट :-**

1. निविदा में संलग्न शोध पत्रिकओं की सूची के क्रम में ही शोध पत्रिकाओं का दर भारतीय मूल्य में प्रदाय करना सुनिश्चित करें । यदि निविदाकर्ता सूची में से जिन शोध पत्रिकाओं का दर प्रदाय नही करना चाहते हैं तो उन पुस्तकों के Offer Unit Price कॉलम में NOT QUOTED अनिवार्य रूप से अंकित करें । प्राईस बिड Annexure-05 के प्रत्येक पेज पर निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील होना अनिवार्य है ।
2. उपरोक्त शोध पत्रिकाओं की सूची की Excel File, Pen Drive में प्रदाय करना अनिवार्य होगा, परंतु हस्ताक्षरित बिड की प्रति में उल्लेखित दरें ही मान्य होंगे ।
3. Financial Proposal for Print (Indian & Foreign) Journals (Annexure-05) .

**निविदाकर्ता (हस्ताक्षर एवं सील)**

Scanned with OKEN Scanner

(Annexure-05)
(मुहरबंद लिफाफा 3 में रहेगा)

# Financial Proposal for Print Journals for CCM Govt. Medical College, Kachandur, Durg (C.G.)

**INDIAN JOURNALS**

| S.NO | TITLE | PUBISHERS | No. of Frequency Yearly | Offer Unit Price Annual Subscription (Including Taxes & Other Charges in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | INDIAN JOURNAL OF ANATOMY | | | |
| 2 | NATIONAL JOURNAL OF CLINICAL ANATOMIY | | | |
| 3 | ANNALS OF ANATOMY | | | |
| 4 | INDIAN JOURNAL OF CLINICAL BIOCHEMISTRY | | | |
| 5 | NATIONAL MEDICAL JOURNAL OF INDIA | | | |
| 6 | ANTIMICROBIAL AGENTS AND CHEMOTHERAPY | | | |
| 7 | DIAGNOSTIC MICROBIOLOGY & INFECTIOUS DISEASE | | | |
| 8 | INDIAN JOURNAL OF MEDICAL MICROBIOLOGY | | | |
| 9 | INDIAN JOURNAL OF OTOLOGY | | | |
| 10 | ANNALS OF OTOLOGY AND NEUROTOLOGY | | | |
| 11 | INDIAN JOURNAL OF PUBLIC HEALTH | | | |
| 12 | INDIAN JOURNAL OFRENSIC MEDICINE & TOXICOLOGY | | | |
| 13 | THE INDIAN JOURNAL OF PAEDIATRICS | | | |
| 14 | INDIAN JOURNAL OF PSYCHITRY | | | |
| 15 | INDIAN JOURNAL OF DERMATOLOGY, VENEREOLOGY & LEPROLOGY | | | |

**FOREIGN JOURNALS**

| S.NO | TITLE | PUBISHERS | No. of Frequency Yearly | Offer Unit Price Annual Subscription (Including Taxes & Other Charges in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CLINICAL BIOCHEMISTRY | | | |
| 2 | INERNATIONAL JOURNAL OF BIOCHEMISTRY RESEARCH | | | |
| 3 | JOURNAL OF EPEDEMIOLOGY & COMMUNITY MEDICINE | | | |
| 4 | JOURNAL OF FORENSIC AND LEGAL MEDICINE | | | |
| 5 | ORTHOPAEDIC CLINICS OF NORTH AMERICA | | | |
| 6 | CLINICAL ORTHOPAEDICS AND RELATED RESEARCH | | | |
| 7 | BRITISH JOURNAL OF PSYCHITRY | | | |
| 8 | JOURNAL OF AMERICAN ACADEMY DERMETOLOGY | | | |

निविदाकर्ता (हस्ताक्षर एवं सील)

Scanned with OKEN Scanner